# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–25 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज महाकुंभ नगर पहुंचे। उन्होंने वहां आयोजित अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सनातन धर्म की विशेषताओं की चर्चा की और कहा कि सनातन धर्म एक विराट वट वृक्ष है । उन्होंने सनातन धर्म के ताकत की चर्चा करते हुए कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालु बिना किसी चिंता के निरंतर आ रहे हैं।

***कोई चिन्ता नही मुझे मालूम है। कोई चिन्ता नही उन्हें कहां रहना है ये भी चिन्ता नही कहां सोना है क्या खाना है कैसे जाना है कोई चिन्ता नही बस उठाया ,बैग उठाई अपनी गठरी और वे आ गये हैं कुंभ में ये है ताकत सनातन धर्म की ये है और ये है ताकत साधू और संतो का।***

कार्यक्रम संबंधी एक सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि महाकुंभ के संदेश को लोग हर सनातन धर्मावलम्बी के घर तक पहुंचाने का काम करेंगे।

**********

महाकुंभ के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ वाराणसी भी पहुंच रही है। इसके कारण वहां की सड़कों और गलियों में सुबह से शाम तक भीड़भाड़ का माहौल बना हुआ है। मौनी अमावस्या तक यह भीड़ और भी बढ़ जाएगी। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल समेत कई पुलिस अधिकारियों ने आज सड़क पर उतर कर व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए रखने का संदेश दिया।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अबसे थोड़ी देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से इसका प्रसारण करेगा।

**********

देश भर से लगभग दस हजार विशेष अतिथि कल नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस परेड़ देखेंगे। उन्हें सरकार द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जन भागीदारी बढ़ाने के सरकार के प्रयासों के तहत आमंत्रित किया गया है। इन अतिथियों में आपदा मित्र, स्वयंसेवक, आशा कार्यकर्ता, किसान उत्पादक संगठनों के किसान, पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी, माई भारत स्वयंसेवक और अन्य अतिथि शामिल हैं। आकाशवाणी से बातचीत में उत्तर प्रदेश की ताइक्वांडो कोच संध्या भारती ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है।

***भारत सरकार और खेल मंत्रालय द्वारा मुझे छब्बीस जनवरी परेड के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। भारत सरकार का और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी की बहुत शुक्रगुजार हूँ। जो मुझे छब्बीस जनवरी परेड के लिए आमंत्रित किया गया है। धन्यवाद***

**********

रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने आज अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या का अद्‌भुत और अनुकरणीय विकास किया है। पूरे देश से करीब तीन हजार ट्रेनें अयोध्या आ रही हैं। वहां पर हर पांच मिनट में एक ट्रेन आती है। रेल राज्य मंत्री ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के व्यवस्था की भी सराहना की।

**********

आज पूरे देश में पंद्रहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में **निर्वाचन : बढ़ते कदम** थीम पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। उन्होंने नेशनल कैडेट कोर के कैडेट्स और विद्यार्थियों को मतदान की शपथ भी दिलाई।

उधर, उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में भी विविध कार्यक्रमों के जरिये आज लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने लोगों को मतदान की महत्ता की बतायी । कुशीनगर जिले के स्कूल कॉलेजों में विविध कार्यक्रमों के जरिये विद्यार्थियों को मतदान के बारे में जागरूक किया गया। मऊ जिले में जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने पहली बार वोटर बने मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वोटर कार्ड वितरित किया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक रात और सुबह के समय कहीं कहीं हल्का से लेकर मध्यम कोहरा दिखेगा।

**********